# POLICE COMMISSIONERATE

# PRAYAGRAJ

## सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 21.03.2026

### थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा चोरी के अभियोग से सम्बन्धित वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की पीली धातु व सफेद धातु के आभूषण (अनुमानित कीमत-4,50,000/- रूपये) व 3000 रूपये बरामद

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना नवाबगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-100/2026 धारा-305(ए)/331(1) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त शाश्वत कुमार गौतम उर्फ शानू पुत्र विजय कुमार गौतम निवासी ग्राम कराहा तालाब मोहरब थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-21.03.2026 को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत श्रृंग्वेरपुर अन्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में चोरी की पीली धातु के 02 मंगलसूत्र, 06 जोड़ी कान की झुमकी, 02 अगूंठी, 01 नाक की कील व 01 नाक की बाली तथा सफेद धातु के पायल 03 जोड़ी, 01 जोडी छागल, 01 जोड़ी हाथ का फूल और 28 पैर की बिछिया (कुल अनुमानित कीमत-4,50,000/- रूपये) व 3000 रूपये

बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-317(2) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त द्वारा दिनांक-18/19.03.2026 की रात्रि में वादी मुकदमा के मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर में सेंध लगाकर घर में रखी आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे आभूषण व रूपये चोरी कर लिया गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0-100/2026 उपरोक्त पंजीकृत कर घटना के अनवारण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

शाश्वत कुमार गौतम उर्फ शानू पुत्र विजय कुमार गौतम निवासी ग्राम कराहा तालाब मोहरब थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 25 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-100/2026 धारा-305(ए)/331(1) भा0न्या0सं0 व बढ़ोत्तरी धारा-317(2) भा0न्या0सं0 थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

**बरामदगी का विवरण-**

* 02 मंगलसूत्र, 06 जोड़ी कान की झुमकी, 02 अगूंठी, 01 नाक की कील व 01 नाक की बाली (पीली धातु की)।
* पायल 03 जोड़ी, 01 जोडी छागल, 01 जोड़ी हाथ का फूल और पैर की बिछिया 28 (सफेद धातु)
* 3000 रूपये।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 आकाश सचान, चौकी प्रभारी आनापुर थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 जैकी गौड़, थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 जय प्रकाश यादव, थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, मुकदमे से सम्बन्धित पीड़िता/अपहृता सकुशल बरामद

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-71/2026 धारा-137(2)/87 भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रवि बिन्द पुत्र लालता प्रसाद बिन्द निवासी ग्राम सौरहां थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-21.03.2026 को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत कस्बा फूलपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

रवि बिन्द पुत्र लालता प्रसाद बिन्द निवासी ग्राम सौरहां थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 22 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-71/2026 धारा-137(2)/87 भा0न्या0सं0 थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. व0उ0नि0 सौरभ पाण्डेय, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 उमेश कुमार, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 समीर यादव, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. हे0का0 जितेन्द्र यादव, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना माण्डा पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, अपहृता बरामद

थाना माण्डा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 09/2026 धारा 137(2)/87 बीएनएस से संबंधित अपहृता की बरामदगी करते हुए नामजद/वांछित अभियुक्त दीपक सिंह उर्फ दीपू पुत्र दानबहादुर निवासी ग्राम कोसड़ाकला कंदवा थाना माण्डा जनपद प्रयागराज को आज दिनांक-21.03.2026 को गिरधरपुर पैट्रोल पम्प के पास माण्डा-कोरांव मार्ग से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 09.01.2026 को मुकदमा वादी द्वारा अपनी 17 वर्षीय पुत्री को नामजद अभियुक्त दीपक सिंह उर्फ दीपू पुत्र दानबहादुर नि0 कोसड़ाकला कंदवा थाना माण्डा जनपद प्रयागराज द्वारा बहला-फुसला कर भगा ले जाने के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना पत्र पर मु0अ0सं0 09/2026 धारा 87/137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। अपहृता की बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे थे, जिसके क्रम में आज दिनांक 21.03.2026 को मुखबिर की सूचना पर माण्डा पुलिस टीम द्वारा नामजद वांछित अभियुक्त दीपक सिंह उर्फ दीपू उपरोक्त को गिरफ्तार कर अपहृता की बरामदगी की गयी। विवेचना से मुकदमा उपरोक्त में धारा-64(1) बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

दीपक सिंह उर्फ दीपू पुत्र दानबहादुर सिंह निवासी कंदवा कोसड़ाकला थाना माण्डा जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 22 वर्ष।

**संबंधित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 09/2026 धारा 137(2)/87/64(1) बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1.म0उ0नि0 रूपाली दुबे, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।
2.उ0नि0 शिवकुमार गोयल, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।
3.उ0नि0 कुलदीप कुमार, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।
4.का0 विवेक सिंह, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना झूंसी पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना झूंसी पुलिस द्वारा थाना उतरांव के पंजीकृत मु0अ0सं0- 65/2026 धारा धारा- 65(1)/61(2)/351(3)/127(2) बी0एन0एस0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तों 1. चन्दन उर्फ संजय कुमार पुत्र राजकुमार, निवासी काजीपुर, थाना उतरांव, जनपद प्रयागराज हाल पता- हवेलिया, थाना झूंसी, जनपद प्रयागराज, 2. सुमन पटेल पत्नी चन्दन पुत्री लाल प्रताप पटेल, निवासिनी दरोगापुर थाना उतरांव जनपद प्रयागराज हाल पता- हवेलिया, थाना झूंसी, जनपद प्रयागराज को आज दिनांक 21.03.2026 को मल्लू चाय की दुकान झूंसी के पास से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1. चन्दन उर्फ संजय कुमार पुत्र राजकुमार, निवासी काजीपुर, थाना उतरांव, जनपद प्रयागराज हाल पता- हवेलिया, थाना झूंसी जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 33 वर्ष।
2. सुमन पटेल पत्नी चन्दन पुत्री लाल प्रताप पटेल, निवासिनी दरोगापुर थाना उतरांव जनपद प्रयागराज हाल पता- हवेलिया, थाना झूंसी जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 26 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0- 65/2026 धारा धारा- 65(1)/61(2)/351(3)/127(2) बी0एन0एस0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 अंकित थाना झूंसी, कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, थाना झूंसी, कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. म0उ0नि0 प्रियंका रावत, थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 योगेन्द्र कुमार, थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. म0का0 नेहा यादव, थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।